**Jiwaji University, Gwalior (M.P.)**
Professor (Dr.) A.K. Sharma
H.O.D.
Institute of advance, studies in education

**जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म. प्र.)**
प्रों. (डॉ) अशोक कुमार शर्मा
विभागाध्यक्ष
प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान

Ref. No. IASE/T.T./2015/D.O./2 Date 22.1.15

प्रति,

1. समस्त प्राचार्य
   शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, म.प्र.
2. समस्त विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष / कुलसचिव
   शिक्षा विभाग / आजीवन शिक्षा विभाग / सतत् शिक्षा विभाग
   म.प्र. राज्य विश्वविद्यालय
3. समस्त प्राचार्य अशासकीय शिक्षा महाविद्यालय
   सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

विषय – दो दिवसीय दिनांक 14–15 फरवरी 2015 को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण / कार्यशाला का आयोजन

महोदय

देश में शिक्षा के गुणात्मक स्वरुप को प्रोन्नत करने के लिये सर्वोच्च न्यायलय के निर्देशन में भारत सरकार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के संयुक्त प्रयास जारी है। इस श्रृंखला में NCTE, नई दिल्ली द्वारा शिक्षक शिक्षा हेतु मान्यता एवं नियमों में आमूल चूल परिवर्तन कर नया स्वरुप 2014 का प्रारुप देश में लागू कर दिया गया है।

नये नियमों एवं प्रारुप 2014 के प्रावधानों एवं प्रतिरुपों के अनुरुप अब समस्त शिक्षक शिक्षा, संस्थाओं को आगामी सत्र 2015–16 से कार्यक्रम प्रारम्भ किया जाना है अतः उन प्रावधानों एवं प्रारुपों को समझने तथा उन पर न्याय संगत कार्यवाही की अपेक्षा के लिये सम्बन्धित प्रशासकों, प्राचार्यों एवं शिक्षकों को तत्सम्बन्धी प्रशिक्षण / जानकारी की अत्यंत आवश्यकता होगी।

उपरोक्त विषयवस्तु की जानकारी को आदान–प्रदान करने तथा समुचित व्याख्या को समझने के लिये NCTE के मार्गदर्शन में इस विश्वविद्यालय / विभाग द्वारा केन्द्र प्रवर्तित शिक्षक शिक्षा योजना के अन्तर्गत एक दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण / कार्यशाला का आयोजन दिनांक 14–15 फरवरी 2015 को किया जा रहा है। इस कार्यशाला में विषय प्रवर्तन के लिये NCTE के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. सन्तोष पांडा जी दिनांक 14–02–2015 को भाग लेने

Resi-41, Ramanuj Nagar, Sachin Tendulkar Road Gwalior (M.P.) Pin-474011
Ph. : 0751-2442841, 0751-2343177 (R) Mob. : 09425112671 E-Mail. : sharmaakjug@gmail.com

**Jiwaji University, Gwalior (M.P.)**
Professor (Dr.) A.K. Sharma
H.O.D.
Institute of advance, studies in education

**जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म. प्र.)**
प्रों. (डॉ) अशोक कुमार शर्मा
विभागाध्यक्ष
प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान

Ref. No.

Date. 22.1.15

पधार रहे है। साथ ही अन्य संशाधन व्यक्तियों में प्रो. अनीता रामपाल, दिल्ली विश्वविद्यालय एवं डॉ. गुंजन शर्मा, अम्बेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली को आंमत्रित किया गया है।

उक्त कार्यशाला का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार होगा

| स.क्र. | दिनांक | कार्य विवरण |
|---|---|---|
| 1. | 14–02–2015 | प्रातः– 10:30 पर उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. सन्तोष पांड़ा |
| | 14–02–2015 | प्रथम तकनीकी सत्र – 'NCTE नियम 2014' प्रारुप एवं प्रावधान |
| | 14–02–2015 | द्वितीय तकनीकी सत्र – शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम प्रारुप एवं प्रस्ताव |
| 2 | 15–02–2015 | तृतीय तकनीकी सत्र – 'NCFTE 2009' प्रारुप एवं प्रावधान |
| | 15–02–2015 | चतुर्थ तकनीकी सत्र – शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रमों के केरीकुलम फ्रेमवर्क |
| | 15–02–2015 | पंचम तकनीकी सत्र – सामूहिक चर्चा एवं प्रतिवेदन लेखन |

अतः आप से अनुरोध है कि आप कृपया उक्त कार्यशाला में आवश्यक रुप से पधारें। प्रशिक्षण सामग्री, आवास एवं भोजन की व्यवस्था इस विश्वविद्यालय द्वारा की जावेगी। यात्रा व्यय आप अपने महाविद्यालय/विश्वधिालय के केन्द्र प्रवर्तित शिक्षक शिक्षा योजना अथवा अन्य विभागीय मदों से प्राप्त करें। जिन विश्वविद्यालय विभागों/शा. शिक्षा महाविद्यालय में इस हेतु धनराशि उपलब्ध नहीं हो तो उन्हें संस्था प्रमुख का तत्सम्बन्धी पत्र प्रस्तुत करने पर यात्रा व्यय का भुगतान इस विश्वविद्यालय द्वारा किया जा सकेगा। जीवाजी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त अशासकीय शिक्षा महाविद्यालय अपना व्यय भार स्वयं वहन करेगे। कृपया भाग लेने वाले प्रशासक, प्राचार्य एवं शिक्षक अपनी सूचना ई–मेल द्वारा विभागाध्यक्ष एवं निर्देशक को आवश्यक रुप से जानकारी, सूचना प्रदान करना सुनिश्चित करें ताकि उनकी आवास व्यवस्था समुचित रुप से की जा सकें।

भवदीय

प्रो. आनन्द मिश्रा
कुलसचिव
Registar
Jiwaji University
Gwalior (M.P.)

(प्रो. ए.के. शर्मा)
विभागाध्यक्ष एवं निदेशक

Resi-41, Ramanuj Nagar, Sachin Tendulkar Road Gwalior (M.P.) Pin-474011
Ph. : 0751-2442841, 0751-2343177 (R) Mob. : 09425112671 E-Mail. : sharmaakjug@gmail.com

**Jiwaji University, Gwalior (M.P.)**
Professor (Dr.) A.K. Sharma
H.O.D.
Institute of advance, studies in education

**जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म. प्र.)**
प्रों. (डॉ) अशोक कुमार शर्मा
विभागाध्यक्ष
प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान

Ref. No. Date..22.1.15........

प्रतिलिपि :–

1. अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ।
2. डायरेक्टर, NCERT, भोपाल की ओर भेज कर इस निवेदन के साथ कि वे कृपया उक्त कर्मशाला में आवश्यक रुप से भाग लेवें।
3. आयुक्त, राज्य शिक्षा केन्द्र, म.प्र. शासन, भोपाल की ओर भेजकर इस निवेदन के साथ कि वे इस महत्वपूर्ण कर्मशाला में म. प्र. के समस्त शासकीय शिक्षा महाविद्यालयों के प्राचार्यों को भाग लेने के लिये निर्देशित करे।
4. क्षेत्रीय निर्देशक, WRC, म.प्र. भोपाल की ओर भेजकर इस निवेदन के साथ कि वे कृपया उक्त कर्मशाला में आवश्यक रुप से भाग लेवें।
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ।
6. वित्त नियत्रंक, जीवाजी विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ।
7. प्रभारी, गेस्ट हाऊस, जीवाजी विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं उक्त कर्मशाला हेतु दिनांक 14–15 फरवरी के लिये 20 कक्ष आरक्षित करने हेतु बावत।

22/1/15
Registar
Jiwaji University
Gwalior (M.P.)

विभागाध्यक्ष एवं निर्देशक